# अजमेर: जेएलएन अस्पताल में 4 वर्षीय बालक की दुर्लभ शल्यक्रिया सफल

- गर्म तेल से झुलसने के बाद बंद हो गया था मल मार्ग, प्लास्टिक सर्जरी टीम ने किया पुनर्निर्माण
- मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना के तहत निःशुल्क हुआ उपचार, निजी अस्पताल में चार लाख रुपये तक आता खर्च

**अजमेर,( कासं )।** जवाहरलाल नेहरू चिकित्सालय (जेएलएन) अजमेर के प्लास्टिक सर्जरी विभाग ने एक अत्यंत जटिल और दुर्लभ शल्यक्रिया को सफलतापूर्वक अंजाम देकर चार वर्षीय बालक को नया जीवन दिया है। ब्यावर निवासी बालक लगभग तीन माह पूर्व गर्म तेल से गंभीर रूप से झुलस गया था। दुर्घटना में उसके जननांग और मल मार्ग के आसपास का हिस्सा बुरी तरह प्रभावित हो गया, जिससे वहां मोटा एवं सिकुड़ा हुआ हाइपरट्रॉफिक स्कार बन गया था। समय के साथ यह निशान लगातार सख्त होता गया और मल मार्ग के बाहरी छिद्र को संकुचित करने लगा। इसके कारण बच्चे को मल त्यागने और गैस पास करने में गंभीर कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था। हालत इतनी गंभीर हो गई कि पिछले तीन दिनों से मल मार्ग लगभग पूरी तरह अवरुद्ध हो गया। परिजनों द्वारा बच्चे को तत्काल जेएलएन चिकित्सालय लाया गया, जहां चिकित्सकों ने स्थिति की गंभीरता को देखते हुए उसे आपातकालीन रूप से भर्ती कर तुरंत ऑपरेशन करने का निर्णय लिया।



**अजमेर जेएलएन अस्पताल के डॉक्टरों ने जटिल शल्यक्रिया को सफलतापूर्वक संपन्न किया।**

प्लास्टिक सर्जरी विभाग की टीम ने ऑपरेशन के दौरान प्रभावित हिस्से में बने हाइपरट्रॉफिक स्कार को पूरी तरह हटाया। इसके बाद नितंब क्षेत्र से लिए गए मांसपेशीय ऊतक की सहायता से मल मार्ग का पुनर्निर्माण किया गया। यह अत्यंत जटिल और तकनीकी रूप से चुनौतीपूर्ण शल्यक्रिया सफल रही। ऑपरेशन के बाद बच्चे की स्थिति संतोषजनक है और चिकित्सकों की निगरानी में उसका उपचार जारी है।

विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम ने निभाई अहम भूमिका: इस दुर्लभ ऑपरेशन को प्लास्टिक सर्जरी विभागाध्यक्ष डॉ. नेपो विद्यार्थी के नेतृत्व में डॉ. अभिनव, डॉ. सार्थक, डॉ. सलोनी, डॉ. तन्वी, डॉ. शुभम तथा डॉ. रजेश की सर्जिकल टीम ने सफलतापूर्वक संपन्न किया। वहीं एनेस्थीसिया विभागाध्यक्ष डॉ. अरविंद खरे के नेतृत्व में डॉ. प्रदीप और डॉ. रतन ने ऑपरेशन के दौरान महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। यह जटिल शल्यक्रिया प्रधानाचार्य डॉ. अनिल सामरिया तथा अधीक्षक डॉ. अरविंद खरे के मार्गदर्शन में संपन्न हुई। ऑपरेशन के लिए आवश्यक दवाइयों, जीवनरक्षक सामग्री और आधुनिक उपकरणों की तत्काल उपलब्धता सुनिश्चित की गई, जिससे बिना किसी विलंब के सफल उपचार संभव हो सका।

मां योजना प्रभारी डॉ. अमित यादव ने बताया कि बच्चे का संपूर्ण उपचार मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना (मा योजना) के अंतर्गत पूरी तरह निःशुल्क किया गया। यदि यही उपचार किसी निजी अस्पताल में कराया जाता तो इस पर लगभग चार लाख रुपये तक का खर्च आता।

चिकित्सालय प्रशासन ने बताया कि जेएलएन चिकित्सालय में लगातार जटिल एवं अत्याधुनिक शल्यक्रियाएं सफलतापूर्वक की जा रही हैं।

# गुलाबबाड़ी ओवरब्रिज निर्माण में देरी के विरोध में धरना-प्रदर्शन

**अजमेर ( निसं )।** गुलाबबाड़ी ओवरब्रिज के निर्माण कार्य में हो रही लगातार देरी और लापरवाही के विरोध में गुरुवार दोपहर करीब एक बजे शहर जिला कांग्रेस कमेटी ने अध्यक्ष डॉ. राजकुमार जयपाल, धर्मेन्द्र राठौड के नेतृत्व में धरना देकर विरोध-प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि ओवरब्रिज निर्माण कार्य निर्धारित समय में पूरा नहीं होने से क्षेत्र के लोगों को रोजाना भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। यातायात प्रभावित होने के साथ ही व्यापारियों, विद्यार्थियों, कर्मचारियों और आम नागरिकों को आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

- कांग्रेस नेताओं ने कहा कि जनता की समस्याओं की अनदेखी बर्दाश्त नहीं की जाएगी



**गुलाबबाड़ी ओवरब्रिज के निर्माण कार्य में हो रही देरी पर अजमेर कांगेस ने धरना प्रर्दशन किया।**

धरने के माध्यम से कांग्रेस ने राज्य सरकार और प्रशासन का ध्यान इस जनहित के महत्वपूर्ण मुद्दे की ओर आकर्षित करते हुए निर्माण कार्य में तेजी लाने और इसे जल्द से जल्द पूरा कराने की मांग की। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि जनता की समस्याओं की अनदेखी बर्दाश्त नहीं की जाएगी और यदि शीघ्र समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष डॉ. राजकुमार जयपाल ने कहा कि गुलाबबाड़ी ओवरब्रिज का निर्माण कार्य लंबे समय से अधूरा पड़ा है, जिससे हजारों नागरिक प्रतिदिन प्रभावित हो रहे हैं। उन्होंने प्रशासन से निर्माण एजेंसी की जवाबदेही तय करते हुए कार्य में गति लाने की मांग की। इस अवसर पर पूर्व विधायक डॉ. गोपाल बाहेती, रामचन्द्र चौधरी, भूपेंद्र राठौड़, हेमंत जोधा, मुकेश पवार, वाहिद मोहम्मद, शैलेंद्र अग्रवाल, चंदन सिंह, लक्ष्मी धौलखेड़िया, प्रताप यादव, सर्वेश पारीक, पीयूष सुराणा, सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# पार्किंग विवाद में मारपीट के विरोध में बिजयनगर बंद

- निष्पक्ष कार्रवाई का आश्वासन,एसपी बोले-होगी कानूनी कार्रवाई

**बिजयनगर, ( कासं )।** पार्किंग विवाद को लेकर सांखला परिवार के साथ हुई मारपीट की घटना के विरोध में गुरुवार को सर्व समाज के आव्हान पर बिजयनगर पूर्ण रूप से बंद रहा। प्रातःकाल से ही शहर बन्द का व्यापक का कर देखने को मिला मुख्य बाजार केसभी प्रतिष्ठान बंद रहे ।सर्व समाज द्वारा आयोजितधरने में बड़ी संख्या में लोग चारबत्ती चौराहे पर शामिल हुए। धरना स्थल पर क्षेत्रीय विधायक वीरेन्द्र सिंह कानावत पहुंचे और सर्व समाज एवं पीड़ित पक्ष को प्रकरण में आरोपियों के खिलाफ सख्त एवं निष्पक्ष कारवाई का भरोसा दिलाया।

भाजपा ब्यावर जिला अध्यक्ष आशीष सांड भी धरना स्थल पर पहुंचे तथा पीड़ित परिवार का समर्थन किया। भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष नवीन शर्मा ने घटना को कड़ी निंदा करते हुए दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की। पूर्व पालिकाध्यक्ष सचिन सांखला ने उपस्थित जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों को पूरे घटनाक्रम से अवगत कराया तथा परिवार को न्याय दिलाने की मांग रखी। दोपहर बाद ब्यावर पुलिस अधीक्षक रतन सिंह भी बिजयनगर पहुंचे। उन्होंने नगरपालिका सभागार में सर्व समाज के प्रतिनिधिमंडल के साथ बैठक कर मामले पर विस्तार से चर्चा की। एसपी ने आश्वस्त किया कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध त्वरित एवं उचित कानूनी कार्रवाई की जाएगी। बंद और धरना-प्रदर्शन के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस उपाधीक्षक शिवराज सिंह, थाना प्रभारी राजवीर सिंह सहित अतिरिक्त पुलिस बल तैनात रहा। प्रशासन द्वारा उचित कार्यवाही किए जाने के आश्वासन के बाद चार बत्ती चौराहे से धरना समाप्त करने की घोषणा की गई तत्पश्चात बाजार खुलने लगे।

# डिजिटल अंगदान प्रतिज्ञा अभियान में भीलवाड़ा प्रदेश में प्रथम

**भीलवाड़ा( निसं )।** डिजिटल अंगदान प्रतिज्ञा अभियान में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 24 हजार से ज्यादा जिलेवासियों द्वारा अंगदान प्रतिज्ञा लेने पर राजस्थान में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर भीलवाड़ा जिले को बुधवार को राज्य स्तरीय सम्मान से सम्मानित किया गया। राज्य अंग एवं ऊतक प्रत्यारोपण संगठन, जयपुर द्वारा एसएमएस मेडिकल कॉलेज के न्यू एकेडमिक ब्लॉक ऑडिटोरियम में आयोजित भारतीय अंगदान दिवस राज्य स्तरीय समारोह में जिले की इस उपलब्धि का सम्मान किया गया।



**अंगदान प्रतिज्ञा लेने पर राजस्थान में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर भीलवाड़ा जिले को राज्य स्तरीय सम्मान से सम्मानित किया गया।**

समारोह के मुख्य अतिथि प्रदेश के चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर ने जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू को प्रशस्ति पत्र व मोमेंटो देकर यह सम्मान प्रदान किया। इस अवसर पर चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की प्रमुख शासन सचिव गायत्री राठौड़ सहित विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू ने इस उपलब्धि पर जिलेवासियों एवं चिकित्सा विभाग की पूरी टीम को बधाई देते हुए कहा कि यह सम्मान जिले के सामूहिक प्रयासों का परिणाम है। उन्होंने इस उपलब्धि का श्रेय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी संजीव शर्मा, महात्मा गांधी चिकित्सालय के पीएमओ, चिकित्सा विभाग की पूरी टीम, विभिन्न विभागों, स्वयंसेवी संस्थाओं, शिक्षण संस्थानों तथा जिले की जागरूक जनता को दिया।

उन्होंने कहा कि अंगदान महादान है और इससे अनेक जरूरतमंद लोगों को नया जीवन मिल सकता है। भविष्य में भी जिले में अंगदान के प्रति जनजागरूकता के प्रयास निरंतर जारी रहेंगे। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी संजीव शर्मा ने बताया कि जिला कलेक्टर के मार्गदर्शन तथा चिकित्सा विभाग के समन्वित प्रयासों से जिले में डिजिटल अंगदान प्रतिज्ञा अभियान को व्यापक जनआंदोलन का स्वरूप दिया गया। विभिन्न विभागों, सामाजिक संगठनों एवं आमजन की सक्रिय भागीदारी से भीलवाड़ा ने पूरे प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त कर यह गौरव हासिल किया।

## चिराग चौधरी भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश प्रवक्ता बने

**अजमेर,( कासं )।** भारतीय जनता पार्टी राजस्थान ने संगठनात्मक विस्तार करते हुए किसान मोर्चा की प्रदेश कार्यकारिणी में अजमेर के चिराग चौधरी को प्रदेश प्रवक्ता नियुक्त किया है। प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ के निर्देश पर किसान मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री कैलाश चौधरी ने प्रदेश पदाधिकारियों की घोषणा की, जिसमें अजमेर जिले से चिराग चौधरी को एकमात्र प्रदेश पदाधिकारी बनाया गया।

चिराग चौधरी पिछले ढाई वर्षों से किसान मोर्चा के प्रदेश मंत्री के रूप में सक्रिय भूमिका निभा रहे थे। इससे पहले वे सदस्यता अभियान में अजमेर संभाग प्रभारी, लोकसभा चुनाव में चूरू लोकसभा प्रभारी सहित संगठन के कई महत्वपूर्ण अभियानों में जिम्मेदारी निभा चुके हैं। सामाजिक क्षेत्र में भी वे सक्रिय रहे हैं तथा अजमेर जाट महासभा के सबसे युवा जिलाध्यक्ष रह चुके हैं ।नियुक्ति के बाद भाजपा कार्यकर्ताओं एवं किसानों ने खुशी व्यक्त करते हुए पार्टी नेतृत्व का आभार जताया। वहीं चिराग चौधरी ने भी शीर्ष नेतृत्व के प्रति धन्यवाद व्यक्त करते हुए संगठन को और अधिक मजबूत बनाने का संकल्प दोहराया।

**कार्यालय आवासीय अभियन्ता, राजस्थान आवासन मण्डल, अजमेर**

क्रमांक : 825 जाहिर आम सूचना दिनांक - 6/8/2026

राजस्थान आवासन मण्डल आवास संख्या 3/86, पंचशील, अजमेर क्षेत्रफल 92.25 वर्ग मीटर मूल आवंटी श्रीमती कलावती माथुर पत्नि श्री कपिल माथुर को आवंटित कर दिनांक 15.07.2009 को आवास का भौतिक कब्जा सौपा गया था। श्रीमती कलावती माथुर पत्नि श्री कपिल माथुर द्वारा दिनांक 16.11.2009 को उप पंजीयक कार्यालय द्वारा उक्त आवास का पंजीयन करवा लिया गया। उक्त आवास संख्या 3/86, पंचशील, अजमेर को कनेरा बैंक द्वारा सरफेसी एक्ट के तहत् कब्जा प्राप्त कर जरिये नीलामी के श्री आशीष जोशी पुत्र श्री हरीशचन्द जोशी को दिनांक 16.05.2023 को जरिये पंजीकृत विक्रय पत्र के बैचान करते हुए कब्जा सुपुर्द कर दिया गया। मण्डल द्वारा दिनांक 18.08.2025 को श्री आशीष जोशी पुत्र श्री हरीशचन्द जोशी के पक्ष में नामान्तरण के आदेश जारी किये गये। पुनः श्री आशीष जोशी पुत्र श्री हरीशचन्द जोशी द्वारा आवास का बैचान श्री माजिद खान पुत्र श्री छन्नू खान को दिनांक 18.11.2025 को कर दिया गया। जो कि पंजीयन विभाग की पुस्तक संख्या 01 जिल्द संख्या 2316 में पृष्ठ संख्या 153 क्रम संख्या 202503001107553 पर पंजीबद्ध किया गया। तथा अतिरिक्त पुस्तक संख्या 01 जिल्द संख्या 6259 के पृष्ठ संख्या 139 से 150 पर दिनांक 18.11.2025 को चस्पा किया गया है। अब श्री माजिद खान पुत्र श्री छन्नू खान ने उक्त आवास से संबंधित विक्रय चैनल प्रस्तुत कर स्वयं के नाम दोहरा पंजीयन उपरांत नाम हस्तान्तरण करने हेतु प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया है। श्री माजिद खान पुत्र श्री छन्नू खान का नाम मण्डल रिकार्ड में प्रतिस्थापन की कार्यवाही विचाराधीन है। अतः उक्त कार्यवाही से किसी भी व्यक्ति को कोई आपति हो तो इस जाहिर आम सूचना की विज्ञप्ति के प्रकाशन के 10 दिवस में अपनी उजरदारी/आपति मय सबूत एवं पहचान के दस्तावेज के साथ इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है। बाद मियाद गुजरने पश्चात् कोई आपति स्वीकार नहीं होगी, नाम प्रतिस्थापन की अग्रिम कार्यवाही सम्पादित कर दी जावेगी।

- सहायक प्रशासनिक अधिकारी, राजस्थान आवासन मण्डल खण्ड-अजमेर

**कार्यालय नगरपालिका बिजयनगर जिला ब्यावर राज0**

टैलीफोन नम्बर- 01462-230051 गांधी उद्यान-ब्यावर रोड़, बिजयनगर ई-मेल-npvijaynagar@gmail.com

क्रमांक- न.पा.बि./69-ए/2026-27/3071 आपत्ति आमन्त्रित सूचना दिनांक: 5/8/2026

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि निम्न वर्णित आवेदक ने 69-A के तहत पालिका को आवेदन प्रस्तुत किया है, जिन पर नियमानुसार कार्यवाही की जाकर पट्टे दिये जायेगे। अतः इन भूखण्डों के सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो मय दस्तावेजो/प्रमाण के 7 दिवस की अवधि में कार्यालय में लिखित रूप में प्रस्तुत कर देवें। समयावधि गुजर जाने के बाद कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

| क.सं. | मकान मालिक का नाम | मौहल्ले का नाम | क्षेत्रफल |
|---|---|---|---|
| 1 | संजय कुमार पिता रतनलाल कोठारी<br>विकास कुमार पिता रतनलाल कोठारी | महावीर बाजार ब्लॉक नं. 3<br>प्लाट नं. 33 | 20.16 वर्गमीटर |

-अधिशाषी अधिकारी, नगरपालिका बिजयनगर

**कार्यालय अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर**

मूल आवंटी/अन्तरिति की मृत्यु पर उत्तराधिकारियों द्वारा निष्पादित पंजीकृत हक त्याग पत्र के आधार पर नामान्तरण हेतु आम सूचना का प्रारूप

आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि प्राधिकरण की चौरसियावास योजना के आवासीय भूखण्ड संख्या क्षेत्रफल 408.75 वर्ग गज आवंटी/अन्तरिति गोपी लाल वर्मा पुत्र हनुमान प्रसाद निवासी बलदेव नगर पंचशील अजमेर की मृत्यु दिनांक 7/11/20 को होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र व सजरा रिपोर्ट सलंग्न कर मृतक के वारिसों क्रमशः 1. श्रीमती विमला देवी पत्नि स्व. गोपी लाल वर्मा 2. जितेन्द्र कुमार मोयल 3. अजय मोयल पुत्रगण स्व. गोपी लाल वर्मा निवासी बलदेव नगर पंचशील अजमेर द्वारा अपने सहहिस्सेदार 1. अजय मोयल 2. जितेन्द्र कुमार मोयल पुत्रगण स्व. गोपी लाल वर्मा निवासी बलदेव नगर पंचशील अजमेर के पक्ष में निष्पादित पंजीकृत हक त्याग पत्र दिनांक 29.12.20 के आधार पर नामान्तरण हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है उक्त नामान्तरण किये जाने के संबंध में किसी को आपत्ति हो तो सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज करावें। उक्त नियत अवधि पश्चात कोई आपत्ति स्वीकार योग्य नहीं होगी व आवेदक के नाम नामान्तरण की कार्यवाही की जा सकेगी।

- योजना प्रभारी अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर

**कार्यालय आवासीय अभियन्ता, राजस्थान आवासन मण्डल, अजमेर**

क्रमांक : 826 जाहिर आम सूचना दिनांक - 6/8/2026

राजस्थान आवासन मण्डल आवास संख्या 5/26, पंचशील, अजमेर क्षेत्रफल 120.00 वर्ग मीटर मूल आवंटी श्री विरेन्द्र सिंह पुत्र श्री काशीनाथ सिंह को आवंटित कर दिनांक 26.02.1999 को आवास का भौतिक कब्जा सौपा गया था। श्री विरेन्द्र सिंह पुत्र श्री काशीनाथ सिंह द्वारा दिनांक 22.01.2022 को उप पंजीयक कार्यालय द्वारा उक्त आवास का पंजीयन करवा लिया गया। पंजीयन पश्चात् श्री विरेन्द्र सिंह पुत्र श्री काशीनाथ सिंह द्वारा आवास का बैचान श्रीमती शालू पत्नि श्री कन्हैयालाल को दिनांक 04.02.2022 को कर दिया गया। मण्डल द्वारा दिनांक 28.03.2022 को श्रीमती शालू पत्नि श्री कन्हैयालाल के पक्ष में नामान्तरण के आदेश जारी किये गये। पुनः श्रीमती शालू पत्नि श्री कन्हैयालाल द्वारा आवास का बैचान श्रीमती नीलम सिंह पत्नि श्री गगन सिंह बंजारा एवं श्रीमती यामिनी सिंह पुत्री श्री गगन सिंह बंजारा एवं पत्नि श्री वैभव राठौड़ को दिनांक 12.02.2025 को कर दिया गया। जो कि पंजीयन विभाग की पुस्तक संख्या 01 जिल्द संख्या 2285 में पृष्ठ संख्या 31 क्रम संख्या 202503001101247 पर पंजीबद्ध किया गया। तथा अतिरिक्त पुस्तक संख्या 01 जिल्द संख्या 6132 के पृष्ठ संख्या 577 से 588 पर दिनांक 12.02.2025 को चस्पा किया गया है। अब श्रीमती नीलम सिंह पत्नि श्री गगन सिंह बंजारा एवं श्रीमती यामिनी सिंह पुत्री श्री गगन सिंह बंजारा एवं पत्नि श्री वैभव राठौड़ ने उक्त आवास से संबंधित विक्रय चैनल प्रस्तुत कर स्वयं के नाम दोहरा पंजीयन उपरांत नाम हस्तान्तरण करने हेतु प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया है। श्रीमती नीलम सिंह पत्नि श्री गगन सिंह बंजारा एवं श्रीमती यामिनी सिंह पुत्री श्री गगन सिंह बंजारा एवं पत्नि श्री वैभव राठौड़ का नाम मण्डल रिकार्ड में प्रतिस्थापन की कार्यवाही विचाराधीन है। अतः उक्त कार्यवाही से किसी भी व्यक्ति को कोई आपति हो तो इस जाहिर आम सूचना की विज्ञप्ति के प्रकाशन के 10 दिवस में अपनी उजरदारी/आपति मय सबूत एवं पहचान के दस्तावेज के साथ इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है। बाद मियाद गुजरने पश्चात् कोई आपति स्वीकार नहीं होगी, नाम प्रतिस्थापन की अग्रिम कार्यवाही सम्पादित कर दी जावेगी।

- सहायक प्रशासनिक अधिकारी, राजस्थान आवासन मण्डल खण्ड-अजमेर

## नवनियुक्त भाजपा जिलाध्यक्ष का स्वागत

**ब्यावर ( निसं )।** भारतीय जनता पार्टी के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष आशीष सांड ने पूर्व विधायक एवं पूर्व जिलाध्यक्ष देवीशंकर भूतड़ा के चांग गेट कार्यालय पर पहुंचकर उनसे शिष्टाचार भेंट की और संगठन के आगामी कार्यों के लिए उनका आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर पूर्व विधायक देवीशंकर भूतड़ा ने सांड का माला पहनाकर और मुंह मीठा कराकर आत्मीय स्वागत किया। भूतड़ा ने सांड को जिलाध्यक्ष मनोनीत होने पर बधाई देते हुए विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में ब्यावर जिले में भाजपा संगठन को एक नई ऊर्जा और मजबूती मिलेगी। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं के मान-सम्मान और सामूहिक प्रयासों से पार्टी आगामी समय में नए कीर्तिमान स्थापित करेगी। आशीष सांड ने वरिष्ठ नेता देवीशंकर भूतड़ा का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वरिष्ठों के मार्गदर्शन और अनुभवी नेतृत्व के सहयोग से ही संगठन को बूथ स्तर तक सशक्त बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि पार्टी नेतृत्व ने उन पर जो भरोसा जताया है, वे उस पर पूरी निष्ठा के साथ खरा उतरने का प्रयास करेंगे।

# विधायक भदेल ने हरिओम कॉलोनी में सड़क का शिलान्यास किया

- विधायक अनिता भदेल बोलीं- विकास कार्यों को गति देना सरकार की प्राथमिकता, कांग्रेस पर साधा निशाना

**अजमेर, ( कासं )।** अजमेर दक्षिण विधायक अनिता भदेल ने कहा है कि शहर की बहुप्रतीक्षित गुलाबबाड़ी रेलवे ओवरब्रिज (आरओबी) परियोजना अब अंतिम चरण में पहुंच चुकी है और जल्द ही क्षेत्रवासियों को लंबे ट्रैफिक जाम एवं रेलवे फाटक पर लगने वाले बार-बार के शटडाउन से स्थायी राहत मिलेगी।

**गुलाबबाड़ी आरओबी अंतिम चरण में:** भदेल ने बताया कि रेलवे विभाग ने 9 से 11 अगस्त तक प्रतिदिन तीन घंटे के शटडाउन की स्वीकृति दी है, जिसके दौरान रेलवे स्पान के गर्डर लॉन्चिंग का कार्य पूरा किया जाएगा। इसके बाद स्लैब कास्टिंग का कार्य लगातार जारी रहेगा और परियोजना शीघ्र पूर्ण होगी। विधायक ने कहा कि इस परियोजना के लिए बजट स्वीकृति और प्रशासनिक प्रक्रियाओं को गति देने के लिए उन्होंने लगातार सरकार से पत्राचार किया तथा मुख्यमंत्री और वित्त मंत्री से व्यक्तिगत रूप से मुलाकात कर आवश्यक बजट स्वीकृत कराया। उनका कहना है कि आरओबी बनने से शहर की यातायात व्यवस्था अधिक सुरक्षित और सुगम होगी। इसी दौरान विधायक अनिता भदेल ने कांग्रेस द्वारा आरओबी निर्माण को लेकर किए गए धरना-प्रदर्शन पर भी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि कांग्रेस को पहले अपने शासनकाल का हिसाब देना चाहिए।

विधायक अनिता भदेल ने गुरुवार को वार्ड संख्या 31 स्थित हरिओम कॉलोनी की मुख्य सड़क के पुनर्निर्माण कार्य का विधिवत शिलान्यास किया। लगभग 21.59 लाख रुपये की लागत से बनने वाली इस सड़क के निर्माण के बाद क्षेत्रवासियों को बेहतर एवं सुरक्षित आवागमन की सुविधा मिलेगी। उन्होंने कहा कि सड़क, नाली, पेयजल और अन्य आधारभूत सुविधाओं का विकास उनकी प्राथमिकता है तथा अजमेर दक्षिण विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्य लगातार कराए जा रहे हैं।

भदेल ने बताया कि यह सड़क वर्ष 2008 के आसपास बनाई गई थी, जो समय के साथ क्षतिग्रस्त हो गई थी। क्षेत्रवासियों और स्थानीय भाजपा कार्यकर्ताओं की मांग पर इसे प्राथमिकता के आधार पर स्वीकृत कराया गया। उन्होंने विश्वास दिलाया कि विधानसभा क्षेत्र में किसी भी जनसमस्या को लंबित नहीं रहने दिया जाएगा तथा विकास कार्यों में किसी प्रकार की कमी नहीं आने दी जाएगी।

## शक्तिनगर में नया ट्रांसफार्मर स्थापित

अजमेर, (कासं)। मदार विद्युत विभाग द्वारा गुरुवार को शक्तिनगर क्षेत्र में नया विद्युत ट्रांसफार्मर स्थापित किया गया। लंबे समय से क्षेत्र में अधिक विद्युत भार के कारण कम वोल्टेज, हाई वोल्टेज तथा बार-बार ट्रिपिंग की समस्या बनी हुई थी, जिससे स्थानीय नागरिकों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। इस समस्या के समाधान के लिए भाजपा वार्ड-54 के अध्यक्ष प्रवीण राठौड़ तथा भाजपा अजमेर देहात कार्यसमिति सदस्य मुन्ना मंसूरी ने मदार विद्युत विभाग के सहायक अभियंता पुष्पेंद्र पारीक को लिखित ज्ञापन सौंपकर नया ट्रांसफार्मर लगाने की मांग की थी। सहायक अभियंता पुष्पेंद्र सिंह के निर्देश एवं विभाग की त्वरित कार्रवाई के परिणामस्वरूप आज शक्तिनगर में नया ट्रांसफार्मर स्थापित कर दिया गया। ट्रांसफार्मर शुरू होने से क्षेत्र के सैकड़ों घरों को बेहतर, सुरक्षित और निर्बाध विद्युत आपूर्ति का लाभ मिलेगा।

**अपील की सुनवाई के लिये नियम दिन की प्रत्यर्थी को सूचना**
(आदेश 41 के नियम 14)
न्यायालय अपर जिला एवं सैशन न्यायाधीश क्रम 09
स्थान जयपुर महानगर द्वितीय
अपील सं० 142 सन 2024 रा.रा.प.प. निगम विरूद्ध चन्द्रा लेखवानी व अन्य

अपील CMA

नाम
1. प्रदीप लेखवानी पुत्र स्वं श्रीज्ञान चंद लेखवानी
2. देवेन्द्र लेखवानी पुत्र स्वं श्रीज्ञान चंद लेखवानी
3. श्रीमती एकता दुर्गानी पुत्री स्वं श्रीज्ञान चंद लेखवानी
4. श्रीमती सपना भाटिया पुत्री स्वं श्रीज्ञान चंद लेखवानी

जाति ......... स्थान 30-बी फ्रेंड्स कॉलोनी, मालू गोदाम के पीछे, वैशाली नगर, अजमेर, राजस्थान

आपको सूचना दी जाती है कि इस मामले में 31.07.2012 की डिक्री की अपील रा.रा.प.प. निगम द्वारा उपस्थित की गई इस न्यायालय में रजिस्टर कर ली गई है और इस अपील की सुनवाई के लिये इस न्यायालय द्वारा ता० 25 माह 08 सन 2026 नियत की गई है।

यदि इस अपील में आपकी ओर से आप स्वयं या आपके प्लीडर या आपके लिये कार्य करने के लिये विधि प्राधिकृत कोई व्यक्ति उपसंजात नहीं होगा तो यह आपकी अनुपस्थिति में सुनी और विनिश्चित की जावेगी।

यह आज तारीख 16 माह 07 सन् 2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दी गई।

न्यायाधीश
अपर जिला एवं सैशन न्यायाधीश
क्रम 09 जयपुर महानगर द्वितीय

राज.संवाद/सी/26/8820 न्यायालय नोटिस 2026-27

**नाम परिवर्तन**

नाम परिवर्तन मैंने अपना नाम SUNDER BALANI से बदलकर SUNDER S/O REWA CHAND रख लिया है भविष्य में सभी उद्देश्यों के लिए इसी नाम से जाना पहचाना जावे पता-HNO 301,MAIN HARI BHAU OPP NALA KOTRA,NEAR R S, HOSPITAL AJMER

**अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर**

लोक सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती उर्मिला शर्मा पत्नी अनिल कुमार शर्मा निवासी जगदंबा कॉलोनी, महेश नगर के पास कायड़, अजमेर राजस्व ग्राम घूघरा के खसरा संख्या 4535/505, प्लाट नंबर 27 क्षेत्रफल 141.66 वर्गमीटर के भूखण्ड की पत्रावली नियमन हेतु प्रक्रियाधीन है उक्त नियमन के संबंध में दैनिक समाचार पत्र में विज्ञप्ति जारी कर 7 दिवस की आपति आमंत्रित की जाती है अतः किसी भी हितबद्धकारी को इस नियमन के संबंध में आपति हो तो आम सूचना के 7 दिवस के भीतर अपनी आपति प्रस्तुत करे अन्यथा नियमन कार्यवही कर दी जायेगी।

- उपायुक्त अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर

**आम सूचना**

मेरी पत्नि सम्पत पत्नि शान्तिलाल जाति बैरवा निवासी ग्राम आकोड़िया की मृत्यु दिनांक 26.8.2014 को मेरे निवास स्थान आकोड़िया में हो गई थी जिसका पूर्व में इन्द्राज ग्राम पंचायत आकोड़िया में नहीं करवाया था अब मैं मेरी पत्नि सम्पत का मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने के लिए अराई तहसील कार्यालय में आवेदन किया है। मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने बाबत जिस किसी व्यक्ति को आपति हो तो 7 दिन में मय दस्तावेज के साथ अराई तहसीलदार के समक्ष स्वयं उपस्थित होकर अपनी आपति प्रस्तुत करें। बाद मियाद कोई भी आपति स्वीकार नहीं होगी। -प्रार्थी- शान्तिलाल पुत्र नन्दा जाति बैरवा निवासी आकोडिया, तहसील अराई, अजमेर।

**आम सूचना**

मेरी दादी गोपाली पत्नि श्रवण जाति बलाई निवासी ग्राम धौलपुरिया की मृत्यु दिनांक 20.10.2006 को मेरे निवास स्थान धौलपुरिया में हो गई थी। जिसका पूर्व में इन्द्राज ग्राम पंचायत कालानाड़ा में नहीं करवाया था। अब मैं मेरी दादी गोपाली का मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने के लिए अराई तहसील कार्यालय में आवेदन किया है। मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने बाबत जिस किसी व्यक्ति को आपति हो तो 7 दिन में मय दस्तावेज के साथ अराई तहसीलदार के समक्ष स्वयं उपस्थित होकर अपनी आपति प्रस्तुत करें। बाद मियाद कोई भी आपति स्वीकार नहीं होगी। -प्रार्थी- शिवराज पुत्र लाला जाति बलाई निवासी धौलपुरिया, तहसील अराई, अजमेर।

**आम सूचना**

समस्त व्यक्तियों/बैंकों/वित्तीय संस्थाओं एवं सर्व साधारण को सूचित किया जाता है प्रार्थी कृष्ण सिंह पुत्र श्री रतनसिंह राजपूत निवासी खारी का लाम्बा तहसील हुरड़ा जिला भीलवाड़ा ने मेरे व्यवहार बैंक स्टेट बैंक ऑफ इंडिया शाखा खरीग्राम गुलाबपुरा जिला भीलवाड़ा से ऋण सुविधा प्राप्त कर रखी है जिसके प्रतिभूति स्वरूप आवासीय जायदाद बापी पट्टा संख्या 23 पत्रावली सं. 386 बनाप 45x90=4050 वर्गफीट जो कि राजस्व ग्राम खारी का लाम्बा ग्राम पंचायत खारी का लाम्बा तहसील हुरडा जिला भीलवाड़ा में स्थित है मय मूल/असल दस्तावेज बैंक में बंधक है। उक्त चैन ऑफ टाइटल में से बापी पट्टा संख्या 23 पत्रावली सं. 386 दि. 13.06.1986 जो कि ग्राम पंचायत खारी का लाम्बा द्वारा रूपकंवर पत्नि श्री कृष्ण सिंह राजपूत के पक्ष में निष्पादित एवं जारीशुदा है, उक्त बापी पट्टा लेमिनेटिड होकर मूल/असल है। अतः उक्त लेमिनेटिड मूल/असल बापी पट्टा अथवा जायदाद के संबंध में किसी भी प्रकार की आपति/एतराज/उजरदारी हो तो प्रकाशन की तिथि से 7 दिवस की अवधि में स्टेट बैंक ऑफ इंडिया शाखा खारीग्राम, गुलाबपुरा या मेरे कार्यालय में लिखित में आपति प्रस्तुत करें, बाद गुजरने मियाद किसी की आपति/एतराज/उजरदारी स्वीकार योग्य नहीं होगी एवं उक्त जायदाद व दस्तावेजों पर प्रथम प्रभार स्टेट बैंक ऑफ इंडिया शाखा खारीग्राम गुलाबपुरा का रहेगा।

-आरके जैन, एडवोकेट, रतन कुमार जैन, जैन स्थानक के पास, गुलाबपुरा, मो. 9414113724

# भीलवाड़ा में मंत्री चौधरी ने विभिन्न विकास कार्यों का शिलान्यास व लोकार्पण किया

**भीलवाड़ा( निसं )।** भीलवाड़ा जिले के जहाजपुर विधानसभा क्षेत्र में गुरुवार को जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के मंत्री कन्हैयालाल चौधरी की गरिमामयी उपस्थिति में विभिन्न जनहितकारी विकास कार्यों के शिलान्यास एवं लोकार्पण कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रमों में जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं बड़ी संख्या में क्षेत्रवासियों ने भाग लिया।

पीएचईडी विभाग मंत्री ने समारोह में मौजूद आमजन को संबोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में प्रदेश में आधारभूत सुविधाओं के विस्तार, आधुनिक अधोसंरचना के विकास एवं किसानों के हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए निरंतर विकास कार्य कराए जा रहे हैं। प्रदेश सरकार का संकल्प है कि विकास का लाभ अंतिम पंक्ति में खड़े प्रत्येक व्यक्ति तक पहुंचे और प्रत्येक क्षेत्र समग्र विकास की मुख्यधारा से जुड़ सके।


**कैबिनेट मंत्री कन्हैयालाल चौधरी ने भीलवाड़ा में विभिन्न जनहितकारी विकास कार्यों के शिलान्यास एवं लोकार्पण कार्यक्रमों में भाग लिया।**

कैबिनेट मंत्री कन्हैयालाल चौधरी ने जहाजपुर में सार्वजनिक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के अधिशाषी अभियंता कार्यालय के निर्माण कार्य का भूमि पूजन किया। इसके साथ ही फल एवं सब्जी मंडी स्थापना कार्य का भी भूमि पूजन एवं शिलान्यास किया गया। वहीं नगर पालिका क्षेत्र में पेयजल व्यवस्था सुदृढ़ीकरण कार्य का भी शिलान्यास किया गया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि अधिशाषी अभियंता कार्यालय की स्थापना से क्षेत्र में सार्वजनिक निर्माण विभाग के कार्यों के संचालन में गति आएगी तथा आमजन को बेहतर सेवाएं मिल सकेंगी। वहीं फल एवं सब्जी मंडी बनने से किसानों को अपनी उपज के विपणन के लिए स्थानीय स्तर पर बेहतर सुविधाएं, उचित मूल्य एवं व्यापारिक अवसर उपलब्ध होंगे। पेयजल परियोजना के माध्यम से नगर क्षेत्र में जलापूर्ति व्यवस्था और अधिक सुदृढ़ होगी।

कार्यक्रम के दौरान बोराणी स्थित महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय में नवनिर्मित चार अतिरिक्त कक्षा-कक्षों का लोकार्पण किया गया। इसके साथ ही बोराणी से सहलादाता तक निर्मित सीसी सड़क का लोकार्पण, सरसिया में 2000 केएल क्षमता के उच्च जलाशय एवं पाइपलाइन निर्माण कार्य का लोकार्पण तथा पीपलून्द में डीएमएफटी मद से निर्मित पाइपलाइन कार्य का भी लोकार्पण किया गया। उन्होंने कहा कि इन विकास कार्यों के प्रारंभ होने से शिक्षा, सड़क, पेयजल एवं आधारभूत सुविधाओं के क्षेत्र में आमजन को प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा तथा ग्रामीण क्षेत्रों के विकास को नई दिशा प्राप्त होगी।

जहाजपुर विधायक गोपीचंद मीणा ने कहा कि प्रदेश सरकार के सहयोग से विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों को निरंतर गति मिल रही है। उन्होंने कहा कि अधिशाषी अभियंता कार्यालय, फल एवं सब्जी मंडी, पेयजल, शिक्षा एवं सड़क से जुड़े कार्य क्षेत्र के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि इन परियोजनाओं से किसानों, विद्यार्थियों एवं आमजन को दीर्घकालिक लाभ मिलेगा तथा जहाजपुर विधानसभा क्षेत्र विकास के नए आयाम स्थापित करेगा। इस दौरान निवर्तमान प्रधान जहाजपुर कौशल किशोर शर्मा, नगर पालिका के निवर्तमान अध्यक्ष नरेश मीणा सहित अन्य वरिष्ठ जनप्रतिनिधि, अधिकारी व आमजन मौजूद रहे।

**कार्यालय नगर पालिका केकड़ी (जिला- अजमेर)**

Email ID – npkekri2011@gmail.com Phone (O) : 01467-220002, 220019
web site : www.urban.rajasthan.gov.in/ulbkekri

क्रमांक : न.पा.के../2026-27/1859 दिनांक : 04.08.2026

**आपत्ति आमन्त्रण सूचना**

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि "शहरी सेवा शिविर 2026" पालिका क्षेत्र में निम्न आवेदको द्वारा आर्नलाईन भवन निर्माण स्वीकृति, नामान्तरण चाहने एवं कृषि भूमि नियमन के तहत पट्टा चाहने के संबंध में आवेदन पत्र प्रस्तुत किये है। जिसमें किसी भी व्यक्ति/सज्जन/पड़ोसी को कोई आपत्ति हो, तो कार्यालय में 7 दिवस में लिखित में मय दस्तावेजों के प्रस्तुत करें अन्यथा बाद मियाद नियमानुसार कार्यवाही कर दी जावेगी। जिसमें किसी का कोई उजर मान्य नहीं होगा :-

| क्र सं. | आवेदक/पिता का नाम | खसरा संख्या नया | खसरा संख्या पुराना | स्वीकृत योजना | भूखण्ड नम्बर | क्षेत्रफल वर्गमीटर में | प्रयोजनार्थ |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | श्री प्रधान चौधरी पुत्र रामदेव चौधरी | 519, 520, 521 का 1/2 भाग | – | गोविन्द कॉलोनी जयपुर रोड केकडी | 38 | 85.87 | कृषि भूमि रूपान्तरण आवासीय |
| 2 | श्री अब्दूल खालिक पुत्र हाजीपीर मोहम्मद | 6201, 6202, 6211, 6212 | – | बालाजी नगर तृतीय बघेरा रोड केकडी | 54, 55, 56 | 256.01 | कृषि भूमि रूपान्तरण आवासीय |
| 3 | श्री अब्दूल वहीद पुत्र अब्दूल हनान | 6219, 9150/6219, 9151/6219, 9152/6219 | – | विकास नगर कॉलोनी बघेरा रोड केकडी | 95 | 81.31 | कृषि भूमि रूपान्तरण आवासीय |
| 4 | सुश्री आकाक्षा पुत्री आत्माराम चौहान | 3918, 3919, 3929, 3978, 3979 | – | चन्द्र प्रभु नगर अजमेर रोड केकड़ी | 104 | 102.88 | कृषि भूमि रूपान्तरण आवासीय |

| क. सं. | आवेदक/पिता का नाम | स्वीकृत योजना | भूखण्ड नम्बर | क्षेत्रफल वर्गमीटर में | प्रयोजनार्थ |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | श्री अब्दूल रसीद पुत्र रज्जाक श्रीमती शर्मीला बानो पत्नि रसीद | भट्टा कॉलोनी केकडी | आवासीय भूखण्ड | 51.11 | निर्माण स्वीकृति |
| 2 | नेचुरल साइंस सोसायटी अजमेर | माचोला रोड केकडी | ख. नं. 10624/2909, 10690/10623 | 5010.00 | निर्माण स्वीकृति |

| क. सं. | आवेदक/पिता का नाम | आवेदित स्थल | नाप वर्गगज | उत्तर | दक्षिण | पूर्व | पश्चिम |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | श्री सरफराज असांरी पुत्र तोफीक अंसारी | तेली मोहल्ला अजमेरी गेट केकडी | 123.79 | नफीस अहमद मकान | सुखदेव तेली मकान | आम रास्ता | गोपाल शर्मा का मकान |
| 2 | श्री महेश कुमार जांगिड पुत्र रामराज | प्लाट नं. 128 का 1/2 का भाग | 116.60 | प्लाट नं. 11 ए | प्लाट नं. 12 ए | 30' रोड | प्लाट नं. 126 का भाग |
| 3 | श्री शिवराज धारीवाल पुत्र रघुनाथ धारीवाल | प्लाट नं. 104 गौरवपथ नगर कॉलोनी ढण्ड का रास्ता केकडी | 106.33 | 30' रोड | फील्ड | प्लाट नं. 103 | फील्ड |

राज.संवाद/सी/26/8924 अधिशाषी अधिकारी